**Terms of Reference**

**Advisor - Public Health Administration**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) has been set up under the National Health Mission (NHM) as an autonomous registered society to channelize technical assistance and capacity-building support to the States and UTs for strengthening the public health system. The NHSRC is also mandated to contribute to health policy/programme design and evaluation.

Since its inception, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence in public health. This organization has built extensive professional linkages with domestic and international organisations involved in the field of Public Health as well as individuals who share the common values of health equity and quality of care.

Work at NHSRC is organized around eight (08) technical divisions namely Community Processes/Comprehensive Primary Health Care, Human Resources for Health/ Health Policy and Integrated Planning, Healthcare Technology, Healthcare Financing, Knowledge Management Division, Information Technology, Public Health Administration and Quality and Patient Safety Division. NHSRC works in tandem with the Ministry of Health and Family Welfare for achieving the goals of universal health coverage.

If you possess a keen sense of commitment to health equity and universal health coverage, this is a unique chance to work with a team dedicated to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands-on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, support district and sub-district implementation, undertake knowledge translation, and enable the realization of the vision of universal health coverage.

NHSRC intends to recruit Advisor (PHA) working full time, on a contractual basis. This Position reports to Executive Director, NHSRC.

**Roles & Responsibilities:**

NHSRC adopts a holistic approach towards health systems strengthening, hence, there might be overlap between the thematic areas of the divisions. The following key responsibilities shall come directly under the purview of the Advisor (PHA).

The Advisor (PHA) shall be responsible for leading and overseeing the division's work in the specified thematic areas as mentioned below.

- Assist the States and UTs in strengthening the provision of secondary and tertiary healthcare (to the extent it is supported in NHM) and developing secondary facilities to deliver multi-specialist care
- Support and review the implementation of the Indian Public Health Standards (IPHS) across the public health institutions of States and UTs
- Provide technical support to the States and UTs in achieving the goals and targets specified under the Sustainable Development Goal 3 and National Health Policy, 2017 for the relevant thematic areas under the division.
- Provide technical assistance, supportive supervision and capacity-building support to States and UTs for the implementation of the National Urban Health Mission (NUHM) and contribute to the strengthening of the urban health architecture in the country
- Support the States and UTs in institutionalising the public health management cadre
- Support the States and UTs in planning, implementing and upgrading the health infrastructure as per the required components outlined in the PM-ABHIM and XV-FC guidelines especially for Critical Care Units, IPHLs and BPHUs
- Review and strengthen the functioning of Mobile Medical Units (MMUs) and emergency referral transport network of National Ambulance Services (NAS)
- Review and improve the mechanisms for strengthening the accountability of health systems including Maternal and Child Death Reviews, Civil Registration System, Grievance Redressal and Health Helpline in collaboration and co-ordination with the relevant technical divisions in MoHFW
- Contribute towards strengthening the legal framework of health and provide technical support to the MoHFW, States and UTs for the same
- Examine and appraise proposals from States/UTs, including PIPs, for the specified thematic areas
- Lead the task of guideline development and enable relevant policy and programme modifications on the specified thematic areas. Develop data bases for the thematic areas of the division to facilitate monito ring and decision making
- Support in building capacities of States and districts in contextualising and implementing the guidelines/ policies developed for division thematic areas.
- Review and scale up initiatives and innovations to improve health sector preparedness and resilience for division thematic areas.
- Build team capacity and mentor division/team members in NHSRC and NE-RRC to serve as the technical and programmatic reference point for MoHFW/States
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Executive Director, NHSRC and /or the Executive Committee of NHSRC.

**Qualification & Experience (Regular Courses Only):**

Essential :

- Medical Degree (MBBS) with Post graduate degree (MD (PSM/CHA, etc.) / MS / master's in public health / PhD
- At least 15 years of post-qualification work experience in Health policy and Planning and Implementation of service delivery / Academia / Health Systems Research
- Demonstrated experience in planning and strategy development with policy and/or demonstrated experience in operationalising health programmes at the field level / working in strengthening State/District level health systems
- Computer Skills: Proficiency in commonly used packages like MS Word, Excel, and PowerPoint. Ability to undertake desk research, literature review and accessing other relevant documents through internet usage
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, and immaculate oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi is also desirable
- Demonstrated ability to lead a team.

**Desirable:**

- Published work in the area of health systems or public health

**Deputation:**

Government Officials willing to come on deputation can also apply for the post of Advisor- Public Health Administration, subject to meeting the criteria mentioned in the TOR (Terms of Reference) as above and on submission of NOC to NHSRC from their controlling department.

**Age Limit:** 60 Years (As on the date of applying).

**Work Location:** New Delhi; Travel to States and Districts is involved.

**Remuneration:** Indicative Consultancy Fee Band will be between Rs. 2,20,000/- to Rs. 2,60,000/. However, the Consultancy Fee is negotiable, and a competitive remuneration package will be provided to the selected candidate which will be commensurate with the experience and qualifications. Additional benefits include dedicated Sedan car, Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, annual increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits, as per policy.
(All the government rules and regulations w.r.t. recruitment will apply )

**Duration of Contract:** Initial Contract till 31st March 2028 (with further extension

subject to satisfactory performance and extension of NHM).

**How to apply:** Candidates are requested to fill in the online application correctly which is available on the NHSRC website **(http://nhsrcindia.org)**. Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 22nd September 2026

In case of any difficulty in filling in the on-line application form, you may contact Principal Administrative officer, NHSRC at +91-011-26108982/83/84/92/93 between 09:00 am to 05:30 pm on all working days.

**संदर्भ की शर्तें**

**सलाहकार – सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के अंतर्गत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसाइटी के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता निर्माण सहयोग प्रदान करना है। NHSRC को स्वास्थ्य नीति एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन में योगदान देने का दायित्व भी सौंपा गया है।

अपनी स्थापना के बाद से NHSRC सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। इस संस्था ने सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ स्वास्थ्य समता एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के समान मूल्यों को साझा करने वाले व्यक्तियों के साथ व्यापक पेशेवर संबंध स्थापित किए हैं।

NHSRC में कार्यों का संचालन निम्नलिखित आठ (08) तकनीकी प्रभागों के माध्यम से किया जाता है— सामुदायिक प्रक्रियाएँ / व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन / स्वास्थ्य नीति एवं एकीकृत योजना, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य वित्तपोषण, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, सूचना प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन तथा गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए NHSRC स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ समन्वय में कार्य करता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता रखते हैं, तो यह भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार देने के लिए समर्पित एक टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने तथा सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणालियों, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देने का अवसर है।

NHSRC पूर्णकालिक आधार पर संविदा के माध्यम से सलाहकार (PHA) की नियुक्ति करना चाहता है। यह पद कार्यकारी निदेशक, NHSRC को प्रतिवेदित करेगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

NHSRC स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाता है। अतः विभिन्न प्रभागों के विषयगत क्षेत्रों के बीच कुछ हद तक कार्यों का परस्पर समावेश हो सकता है। निम्नलिखित प्रमुख दायित्व सीधे सलाहकार (PHA) के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत होंगे।

सलाहकार (PHA) निम्नलिखित निर्दिष्ट विषयगत क्षेत्रों में प्रभाग के कार्यों का नेतृत्व करने एवं उनकी निगरानी करने के लिए उत्तरदायी होंगे—

- राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को द्वितीयक एवं तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधान को सुदृढ़ करने (जहाँ तक इसे NHM के अंतर्गत सहायता प्राप्त है) तथा बहु-विशेषज्ञता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु द्वितीयक स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों के विकास में सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों (IPHS) के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं सुदृढ़ीकरण में सहयोग करना।
- प्रभाग के अंतर्गत आने वाले संबंधित विषयगत क्षेत्रों के लिए सतत विकास लक्ष्य 3 तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के क्रियान्वयन हेतु राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता, सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एवं क्षमता निर्माण सहयोग प्रदान करना तथा देश में शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में योगदान देना।
- राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग को संस्थागत रूप प्रदान करने में सहयोग करना।
- पीएम-एबीएचआईएम (PM-ABHIM) एवं XV-FC के दिशा-निर्देशों में उल्लिखित आवश्यक घटकों के अनुरूप स्वास्थ्य अवसंरचना की योजना बनाने, उसका क्रियान्वयन करने एवं उसे उन्नत करने में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सहयोग प्रदान करना, विशेष रूप से क्रिटिकल केयर यूनिट्स, IPHLs एवं BPHUs के संबंध में।
- मोबाइल मेडिकल यूनिट्स तथा राष्ट्रीय एम्बुलेंस सेवाओं के आपातकालीन रेफरल परिवहन नेटवर्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा एवं उसमें सुधार करना।

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संबंधित तकनीकी प्रभागों के साथ सहयोग एवं समन्वय से स्वास्थ्य प्रणालियों की जवाबदेही को सुदृढ़ करने के तंत्रों की समीक्षा एवं उनमें सुधार करना, जिसमें मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा, नागरिक पंजीकरण प्रणाली, शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य हेल्पलाइन शामिल हैं।
- स्वास्थ्य के विधिक ढाँचे को सुदृढ़ करने में योगदान देना तथा इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- निर्दिष्ट विषयगत क्षेत्रों से संबंधित राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रस्तावों, जिनमें कार्यक्रम क्रियान्वयन योजनाएँ भी शामिल हैं, की जाँच एवं समीक्षा करना।
- निर्दिष्ट विषयगत क्षेत्रों के लिए दिशा-निर्देशों के विकास का नेतृत्व करना तथा संबंधित नीतियों एवं कार्यक्रमों में आवश्यक संशोधन सुनिश्चित करना। निगरानी एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु प्रभाग के विषयगत क्षेत्रों के लिए डेटा बेस विकसित करना।
- प्रभाग के विषयगत क्षेत्रों के लिए विकसित दिशा-निर्देशों एवं नीतियों को स्थानीय संदर्भ के अनुरूप लागू करने हेतु राज्यों एवं जिलों की क्षमता निर्माण में सहयोग करना।
- प्रभाग के विषयगत क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्षेत्र की तैयारी एवं लचीलेपन में सुधार हेतु पहलों एवं नवाचारों की समीक्षा करना तथा उनका विस्तार करना।
- NHSRC एवं NE-RRC में टीम की क्षमता का निर्माण करना तथा प्रभाग / टीम के सदस्यों का मार्गदर्शन करना, ताकि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय / राज्यों के लिए तकनीकी एवं कार्यक्रम संबंधी प्रमुख संदर्भ केंद्र के रूप में कार्य कर सकें।
- कार्यकारी निदेशक, NHSRC एवं / अथवा NHSRC की कार्यकारी समिति द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**योग्यता एवं अनुभव (केवल नियमित पाठ्यक्रम) :**

**अनिवार्य :**

- चिकित्सा में स्नातक उपाधि (एमबीबीएस) के साथ स्नातकोत्तर उपाधि (एमडी (निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा / सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन आदि) / एमएस / सार्वजनिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि / पीएचडी)।
- स्वास्थ्य नीति एवं योजना तथा स्वास्थ्य सेवा प्रदाय के नियोजन एवं क्रियान्वयन / शिक्षण एवं अनुसंधान / स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान के क्षेत्र में उपरांत योग्यता कम-से-कम 15 वर्ष का कार्य अनुभव।
- नीतिगत कार्यों के साथ योजना एवं रणनीति विकास में सिद्ध अनुभव और / अथवा क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा राज्य / जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने का सिद्ध अनुभव।
- **कंप्यूटर कौशल :** एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल एवं एमएस पावरपॉइंट जैसे सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोगों में दक्षता। इंटरनेट के माध्यम से डेस्क रिसर्च, साहित्य समीक्षा तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों तक पहुँच प्राप्त करने की क्षमता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं पारस्परिक कौशल तथा अंग्रेज़ी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लिखित संप्रेषण क्षमता। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- टीम का नेतृत्व करने की सिद्ध क्षमता।

**वांछनीय :**

- स्वास्थ्य प्रणालियों अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।

**प्रतिनियुक्ति :**

सरकारी अधिकारी भी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन के सलाहकार पद के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते कि वे उपर्युक्त संदर्भ की शर्तों (TOR) में उल्लिखित मानदंडों को पूरा करते हों तथा अपने नियंत्रणकारी विभाग से NHSRC को अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) प्रस्तुत करें।

**आयु-सीमा :**

आवेदन करने की तिथि के अनुसार 60 वर्ष।

**कार्य-स्थल :**

**नई दिल्ली**; राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक :**

संकेतात्मक परामर्श शुल्क ₹2,20,000/- से ₹2,60,000/- के बीच होगा। हालांकि ,परामर्श शुल्क परस्पर बातचीत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है तथा चयनित अभ्यर्थी को उसके अनुभव एवं योग्यताओं के अनुरूप प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक पैकेज प्रदान किया जाएगा।

अतिरिक्त लाभों में समर्पित सेडान कार, निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति *(NHSRC की नीति के अनुसार)*, 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, वार्षिक वेतन वृद्धि तथा नीति के अनुसार आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) शामिल हैं।

(भर्ती के संबंध में सभी सरकारी नियम एवं विनियम लागू होंगे।)

**अनुबंध की अवधि :**

प्रारंभिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विस्तार के अधीन आगे बढ़ाया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :**

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन-पत्र को सही ढंग से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि **22nd September 2026** होगी।

ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने में किसी भी कठिनाई की स्थिति में अभ्यर्थी प्रधान प्रशासनिक अधिकारी, NHSRC से सभी कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:30 बजे के बीच +91-011-26108982/83/84/92/93 पर संपर्क कर सकते हैं।